Reg.: 647/2023
File No. : 604

Samagra Shiksha Yojana Samiti, Uttar Pradesh

Flat No. 101 Singar Nagar, Alam Bagh, Lucknow, 226005
E-mail : support@smsas.org, Tel. No. : 05223502885

Ref : - SMSYS/UP/101/2024-25 Date : 04/02/2025

समग्र शिक्षा योजना समिति द्वारा निःशुल्क संचालित शिक्षा जागरूकता कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि जनपद कानपुर नगर, कन्नौज , इटावा, फर्रूखाबाद एवं बलिया से सम्बंधित विद्यालयों में कार्यक्रम का शुभारंभ 18 मार्च 2025 से किये जाने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया है। सम्बंधित जिलों में प्रतिभाग करने वाले सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे निःशुल्क शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु अपना सहमति पत्र विद्यालय प्रबंधक को दिनांक 10 फरवरी 2025 से 25 फरवरी 2025 तक जमा कराना सुनिश्चित करें। जिससे बोर्ड परीक्षा एवं त्यौहारों के अवकाश में कार्यक्रम से सम्बंधित सभी औपचारिकाताएं पूरी की जा सकें। जिन शिक्षकों व कर्मचारियों को आगामी बोर्ड परीक्षा में परीक्षक के रूप में विद्यालय द्वारा सेवाएं ली जानी है उनसे भी अनुरोध है कि वे सम्बंधित विद्यालय से इस सम्बंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें।

आप सभी सम्मानित शिक्षकों एवं कर्मचारियों का विद्यालय परिवार के रूप में समिति द्वारा संचालित निःशुल्क शिक्षा जागरूकता कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने एवं अपनी उच्च गुणवत्तापरक सेवाएं देने के लिए हृदय से वंदन व अभिनंदन। आपकी सहभागिता एवं सभी शिक्षा अधिकारियों के मार्गदर्शन व सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए समिति की ओर से अनन्त शुभकामनाएं। हम आशा करते हैं कि आपके असीम प्रेम व निस्वार्थ सेवा भाव के द्वारा समिति के शिक्षा सेवा, राष्ट्र सेवा के पावन कार्य को सफल बनाने का संकल्प और मजबूत होगा।

(A.S. Yadav)
State Program Coordinator
Samagra Shiksha Yojana Samiti, UP